चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 468
दिनांक : 15-03-2024

अति आवश्यक/सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : एन0ई0पी0 के अन्तर्गत आने वाले स्नातक पाठ्यक्रमों (बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0) तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत आने वाले समस्त पाठ्यक्रमों की कुलसचिव प्रति गोपनीय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग एवं टेबुलेटर प्रति रिजल्ट सेल में जमा करने के सम्बन्ध में।

संज्ञान में लाया गया है कि महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0ई0पी0 के अन्तर्गत आने वाले स्नातक पाठ्यक्रमों (बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0) तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत आने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के जो अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किये जा रहे हैं। उनकी कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति विश्वविद्यालय में सम्बन्धित विभाग में जमा नहीं करायी जा रही है।

अतः समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि ऑनलाईन पोर्टल पर आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अपलोड करने के पश्चात् **व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की कुलसचिव प्रति व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग कमरा नं0–308 में तथा परम्परागत पाठ्यक्रमों की कुलसचिव प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर एवं टेबुलेटर प्रति रिजल्ट सेल में अनिवार्य रूप से जमा कराने का कष्ट करें** ताकि परीक्षा परिणाम अविलम्ब घोषित किये जा सके।

15-03-2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/ निदेशक को अनुपालनार्थ।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस निर्देश के साथ कि छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)